चरित्र-चित्रण

जीवनलाल-

जीवनलाल बहू की विदा के महत्त्वपूर्ण पात्र हैं।वे एक धनी व्यापारी हैं।उनकी उम्र लगभग 50 वर्ष है।वे परिवार के मुखिया हैं।उनके सख्त स्वभाव के कारण पूरा परिवार उनसे दबता है।जीवनलाल जिद्दी,संवेदनहीन,लोभी,स्वार्थी,अहंकारी तथा निर्मम व्यक्ति हैं।अपनी लोभ की प्रवृत्ति के कारण वे अपनी बहू की विदाई नहीं करवाते।उन्हें बहू के भाई प्रमोद से दहेज में पाँच हज़ार रूपए चाहिए।उनकी खुद की बेटी भी जब दहेज के कारण प्रताड़ित होती है और उसकी विदाई भी नहीं होती,तब जाकर उनकी नींद खुलती है।खुद पर बीतने पर उनका हृदय परिवर्तन होता है।इसके पश्चात वे अपनी बहू कमला की विदाई करवाने को तैयार हो जाते हैं।

कमला-

कमला सुंदर,सुशील,विनम्र, समझदार तथा उन्नीस वर्ष की विवाहिता है।वह जीवनलाल की बहू तथा प्रमोद की बहन है।उसकी शादी के बाद दहेज की कमी के कारण उसके ससुर जीवनलाल उसके पहले सावन पर मायके विदा

करने से इंकार कर देते हैं।उसके भाई प्रमोद को जीवनलाल पाँच हज़ार दहेज नहीं दे सकने के कारण खाली हाथ लौटा देते हैं।बाद में अपनी बेटी पर भी ऐसी ही विपदा पड़ने पर जीवनलाल की आँखें खुल जाती हैं तथा उनका हृदय परिवर्तन हो जाता है।